NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.G.P.E. - 10

# संघर्ष प्रबंधन, रूपांतरण और शांति निर्माण

( Conflict Management, Transformation and Peace Building )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Vaishali Gupta*

NEERAJ PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com  Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

*Content*

# संघर्ष प्रबंधन, रूपांतरण और शांति निर्माण

## ( Conflict Management, Transformation and Peace Building )

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-4
Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1
Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1
Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1
Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1
Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1
Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1

| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

1. संघर्षों की प्रकृति ........ 1
( Nature of Conflicts )

2. संघर्ष के स्रोत ........ 7
( Sources of Conflict )

3. संघर्ष विश्लेषण की पद्धतियाँ ........ 11
( Methods of Conflict Analysis )

4. संघर्ष मूल्यांकन और पूर्वानुमान ........ 18
( Conflict Assessment and Prognosis )

5. संघर्ष के प्रत्युत्तर में राहत सहायताएँ ........ 23
( Responses to Conflicts )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


6. संघर्ष प्रबंधन के उद्देश्य ........ 29
( Objectives of Conflict Management )

7. संघर्ष प्रबंधन : पद्धतियाँ और तकनीक ........ 35
( Conflict Management: Methods and Techniques )

8. केस अध्ययन (पंजाब और नागालैंड) ........ 43
[ Case Studies (Punjab and Nagaland) ]

9. दृष्टिकोण और परिप्रेक्ष्य ........ 49
( Approaches and Perspectives )

10. संघर्ष परिवर्तन के सिद्धांत (जॉन गॉल्टुंग, लीडरेक और जेने शार्प) ........ 57
( Theories of Conflict Transformation )

11. गाँधीवादी दृष्टि ........ 67
( Gandhian Vision )

12. केस अध्ययन (चम्पारण और दक्षिण अफ्रीका) ........ 76
[ Case Studies ( Champaran and South Africa ) ]

13. शांति-निर्माण का अर्थ एवं महत्त्व ........ 84
( Peace-Building: Meaning and Significance )

14. शांति-निर्माण का दृष्टिकोण ........ 93
( Approaches to Peace-Building )

15. संघर्ष के बाद पुनर्निर्माण और पुनर्वास ........ 101
( Post-Conflict Reconstruction and Rehabilitation )

16. केस अध्ययन : अफगानिस्तान ........ 111
( Case Studies: Afghanistan )


■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## संघर्ष प्रबंधन, रूपांतरण और शांति निर्माण

**M.G.P.E.-10**

**( Conflict Management, Transofmation and Peace Building )**

*समय : 2 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक अनुभाग से कम-से-कम दो प्रश्नों को चुनिए। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।*

**अनुभाग-I**

**प्रश्न 1. संघर्ष प्रबंधन के मार्क्सवादी दृष्टिकोण की संक्षेप में चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–कार्ल मार्क्स जो रूसो से काफी प्रभावित रहे हैं, उन्होंने वर्ग संघर्ष के सिद्धांत को एक आकस्मिक तर्क पर बनाया गया बताया है। उन्होंने कहा है कि ''मनुष्य की वास्तविक प्रकृति उसके काम के संगठन से भिन्न होती है।'' श्रमिक वर्ग आर्थिक कारकों द्वारा नियंत्रित होता है, जिसे पूँजीवाद कहा जाता है। पूँजीपतियों से संबंधित लोगों का वर्ग या फिर उन लोगों के वर्ग जो अपने उत्पादों से अलग हैं, इसे "वर्ग संघर्ष" का नाम दिया जाता है। रूसो की भांति मार्क्स ने भी माना है कि समाज और समाज का विकास मानवता की स्थिति को परिवर्तित कर सकता है। संघर्ष होगा या नहीं होगा–यह समाज पर निर्भर करता है, मनुष्य के व्यक्तिगत व्यवहार पर नहीं।

कुछ लोगों का यह तर्क है कि मार्क्स के सिद्धांत सहज अधिक लगते हैं, आकस्मिक नहीं। मार्क्स का ज्यादा जोर इतिहास पर था, इसलिए उनके लिए यह कहना कठिन होगा कि वह सहज विचारक हैं या आकस्मिक। मार्क्स की इस मान्यता के आधार पर कि हम सभी एक पूँजीवादी युग में रहते हैं इसलिए मानवीय संबंधों में संघर्ष होता है। मार्क्स ने एक महत्त्वपूर्ण तथ्य को सामने रखा है, वह है आर्थिक व सामाजिक संगठनों की भूमिका तथा उनका मानव व्यवहार पर सामूहिक प्रभाव।

मार्क्स ने राज्य को मानवता के हितों के विरुद्ध माना है, किंतु कीन्स का मानना था कि राज्य मानव की परेशानियों का हल निकालने में सहायक हो सकता है। आकस्मिक सिद्धांतों में यह तर्क दिया जाता है कि जब मनुष्य एक ऐसी शक्ति का सामना करता है, जो उसके सामान्य व्यवहार के विपरीत होती है, तो उसमें आक्रामकता की भावना उत्पन्न होती है। कुंठा व आक्रामकता में एक संबंध रहता है, किंतु ऐसा नहीं है कि हर समय आक्रामकता, कुंठा को जन्म देती है। नस्लवाद की उत्पति तब होती है, जब निराशावादियों की कुंठा एक समूह पर उतारी जाती है। आकस्मिक सिद्धांत में ऐसा माना जाता है कि यदि कोई कुंठाग्रस्त नहीं है तो वहाँ कोई लड़ाई, झगड़ा या आक्रामकता नहीं होगी। इस प्रकार संघर्ष की अभिव्यक्ति मानव जीवन के बाहर के कुछ कारकों पर निर्भर करती है।

मार्क्सवादी सिद्धांत के मूल सिद्धांतों में यह दावा शामिल है कि सारा इतिहास वर्ग संघर्ष का इतिहास है। समाज में पूंजीपति वर्ग और सर्वहारा वर्ग के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि रोजमर्रा की जिंदगी को उन वर्गों द्वारा आकार दिया जाता है, बदला जाता है और बनाए रखा जाता है, जो पूरे समाज पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करते हैं। सामाजिक-आर्थिक वर्ग किसी भी अन्य समूह की तुलना में अधिक बुनियादी हैं।

मार्क्सवादी विचारधारा और उनकी व्याख्या मुख्य रूप से ऐसे तीन मद्दों की व्याख्या प्रस्तुत करती है, जो आपस में एक-दूसरे से जुड़े हैं, "राष्ट्रीय प्रश्न, पंजाब में सामाजिक वर्ग के उभरने में आर्थिक नीतियों के प्रभाव और भारतीय राज्यों की भूमिका पर चर्चा करता है। ज्यादातर मार्क्सवादी ऐसा मानते हैं कि पंजाब समस्या राष्ट्रीय प्रश्न क्रम में सबसे आगे है। यह पूँजीवाद के विकास के अभिन्न हिस्से के रूप में भारत में राष्ट्रीयता के उत्पन्न होने की प्रक्रिया है। इसी ढाँचे में शामिल सामान्य प्रांतीय आकस्मिकता/सापेक्ष और अनेकार्थकता, वर्गों के क्रियात्मक परिभाषाएँ उत्पादन से संबंध और राज्य हैं। इस वर्णन के अनुसार भारत को या तो बहुराष्ट्रीय देश के रूप में वर्गीकृत किया जाए, जो विभिन्न राष्ट्रीयताओं का देश है, उसके विकास की समता या जो 'भारतीय राष्ट्रीयता' का भाव रखता है और जो इससे पहले भाषाई क्षेत्रीयता में सर्वोपरि था अथवा यूँ कह सकते हैं कि भाषाई क्षेत्रवाद में प्रमुख था।

**प्रश्न 2. संघर्ष क्या है? संघर्ष समाधान की विभिन्न पद्धतियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'संघर्ष का अर्थ', अध्याय-7, पृष्ठ-38, 'संघर्ष प्रबंधन की पद्धतियां'

**प्रश्न 3. संघर्ष के स्रोतों के अंतर्निहित सिद्धांत का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-7, 'सहज सिद्धांत'

**प्रश्न 4. संघर्ष मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? संघर्ष समाधान के लिए इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-21, प्रश्न 1

**प्रश्न 5. जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा अपनाए गये विभिन्न संघर्ष समाधान के उपायों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**–संघर्ष समाधान आरंभ करने के लिए संघर्ष का व्यवस्थित रूप से विश्लेषण करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इससे अभ्यासकर्ताओं को संघर्ष की जड़ों को समझने में मदद मिलेगी। जैसा कि डॉ. मारिया एस. एफेंदी अपने 'कॉन्फ्लिक्ट व्हील मॉडल' का उपयोग करके विस्तार से बताती हैं, सबसे पहले संघर्ष के मूल कारणों की गहराई से जांच की जानी चाहिए। वर्तमान संघर्ष के मूल कारणों, अर्थ और महत्त्व के संबंध में सभी पक्षों के दृष्टिकोण का विश्लेषण किया जाना चाहिए। संघर्ष के बारे में धारणाओं पर सभी पक्षों की आम सहमति बननी चाहिए। संघर्ष के प्रासंगिक कारणों का भी अध्ययन किया जाना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं कीहिस्सेदारी, रुचियों, जरूरतों और पदों को स्पष्ट रूप से पहचाना जाना चाहिए। इस तरह सभी पक्ष संघर्ष की एक-दूसरे की व्याख्या को समझेंगे, जो शांति प्रक्रिया के दौरान अपने भविष्य की कार्रवाई को डिजाइन करने में महत्त्वपूर्ण रूप से भाग लेंगे। एफेंदी और चौधरी का सुझाव है कि प्रभावी संघर्ष समाधान के लिए सभी पक्षों को संघर्ष की व्याख्या पर आम सहमति विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। प्रासंगिक विशेषज्ञों को लगे रहने और संघर्ष को समाप्त करने के लिए विस्तृत लागत लाभ विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी। संघर्ष विश्लेषण प्रक्रिया के दौरान संघर्ष को बिगाड़ने वालों और संचालकों की भी पहचान की जानी चाहिए। यह राजनयिक कर्मचारियों को एक शांति प्रक्रिया तैयार करने में सक्षम बनाएगा, जो शांति प्रक्रिया को नुकसान पहुँचाने वाले बाहरी संरचनात्मक और निकटवर्ती कारकों से प्रतिरक्षित होगी। इस लंबे संघर्ष को सुलझाने के लिए पहले ही कई प्रयास किए जा चुके हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं–

**ताशकंद घोषणा**–कई ऐतिहासिक और मौजूदा शिकायतों के कारण 1965 में पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध हुआ। यह संघर्ष 17 दिनों तक चला था, जिसमें दोनों पक्षों को भारी नुकसान हुआ था। ताशकंद घोषणा युद्ध को समाप्त करने के लिए सोवियत संघ द्वारा किया गया एक समझौता था। निर्णय लिया गया कि दोनों देश अपने-अपने स्थान से पीछे हट जायेंगे। अपनी सेनाएँ वापस बुला लेंगे और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आधार पर अच्छे संबंध स्थापित करने का प्रयास करेंगे। अच्छे संबंध स्थापित होने के साथ-साथ देश अपने सभी विवादों को शांतिपूर्वक सुलझाएंगे। इसे एक कमजोर समझौता माना गया, क्योंकि यह भारत और पाकिस्तान के बीच अगले युद्ध को नहीं रोक सका, लेकिन यह शांति स्थापित करने का एक अच्छा प्रयास था।

**शिमला समझौता**–1971 के युद्ध की समाप्ति के बाद पाकिस्तान और भारत ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो उनके संबंधों की भविष्य की दिशा तय करेगा। भारत-पाकिस्तान संबंधों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कश्मीर भी समझौते पर चर्चा का हिस्सा था। भारत ने बातचीत के दौरान कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के विकल्प को खारिज कर दिया, जबकि पाकिस्तान संघर्ष को शांतिपूर्वक हल करने के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाना चाहता था, भले ही इसके लिए तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भारत कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले गया, जबकि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि भारत संघर्ष को द्विपक्षीय रूप से हल करना चाहता था। यह समझौता न तो भारत और पाकिस्तान के बीच सहयोग को आकार दे सका और न ही कश्मीर के भाग्य को तय करने में मददगार साबित हो सका। गलतफहमियां, गलतफहमी और विश्वास की कमी अब भावना आधारित लड़ाई में बदल गई है।

**आगरा शिखर सम्मेलन**–संघर्ष को सुलझाने का एक और प्रयास आगरा शिखर सम्मेलन था। इसकी शुरुआत 2001 में हुई थी, जब दोनों सरकारों ने विवादों के व्यक्तिगत शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक रूप से जुड़ने का फैसला किया था। शिखर सम्मेलन का आयोजन बड़ी उम्मीदों के साथ किया गया था कि इससे नतीजे सामने आएंगे। यह देखा गया कि भारत ने कश्मीर पर बातचीत में देरी की। एफेंदी ने आमिर का उल्लेख करते हुए कहा कि "भारत द्वारा कश्मीर से अलग से निपटने से इनकार करने और 'सीमा पार आतंकवाद' के बारे में पाकिस्तानी आपत्तियों के कारण संयुक्त घोषणा का मसौदा जारी नहीं किया गया था, इसलिए शिखर सम्मेलन बिना किसी महत्वपूर्ण उपलब्धि के समाप्त हो गया।"

**समग्र वार्ता**–2004-08 तक आयोजित समग्र वार्ता को 'भारत-पाकिस्तान संबंधों में सबसे टिकाऊ और शांतिपूर्ण वार्ता' माना जाता है। बातचीत के दौरान मुशर्रफ प्रभावशाली कार्यवाही के लिए अपने पद छोड़ने को तैयार थे। उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के साथ मिलाने या संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप से विवाद के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए आत्मनिर्णय फार्मूला प्रस्तावित किया, लेकिन भारत ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# संघर्ष प्रबंधन, परिवर्तन और शांति-निर्माण
( Conflict Management, Transformation and Peace Building )

# संघर्षों की प्रकृति 1
( Nature of Conflicts )

## परिचय

संघर्ष एक ऐसा शब्द है, जिसके अनेकों अर्थ हो सकते हैं, जैसे–लड़ाई, वाद-विवाद, युद्ध, असंगति आदि। संघर्ष का शाब्दिक अर्थ है "एक दूसरे से टकराव"। जब दो या दो से अधिक व्यक्तियों में या किसी समूह या वर्ग में किसी एक ही विषय पर विरोधाभास की स्थिति बन जाती है, तो संघर्ष की उत्पत्ति होती है। ऐसे में वे व्यक्ति अपना लक्ष्य बदलकर या अपना लक्ष्य छोड़कर आपस में समझौता करते हैं। कई बार मध्यस्थता के द्वारा समझौता कराया जाता है। यदि संघर्ष अपनी चरम सीमा पर पहुँच जाए, तो वह युद्ध का रूप ले सकता है या फिर बड़े झगड़े में परिवर्तित हो सकता है। संघर्ष का एक कारण संसाधनों की अपर्याप्तता या वितरण का दोष माना जा सकता है। संघर्ष किसी भी मुद्दे पर हो किंतु उसे सुलझाना जरूरी होता है, अन्यथा यह किसी बड़ी क्षति का कारण बन सकता है।


## अध्याय का विहंगावलोकन

### संघर्ष का अर्थ

संघर्ष का सामान्य अर्थ होता है–टकराव। अलग-अलग विद्वानों ने संघर्ष की विभिन्न परिभाषाएँ दी हैं। कुछ विद्वानों ने संघर्ष को आपसी विरोध, प्रतिद्वंद्विता या आपसी प्रतिरोध की स्थिति कहा है, जिसके अंतर्गत व्यक्तियों की गली-मोहल्ले की आपसी लड़ाइयाँ, दो राष्ट्रों के बीच होने वाले युद्ध तथा टकराव या शीत युद्ध की स्थिति को शामिल किया जाता है। विहेल्म ऑबेर्ट का कहना है कि "संघर्ष की स्थिति की शुरुआत उस समय से होती है, जब दो व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से अपनी प्रतिद्वंद्विता को लेकर संघर्ष करते हैं।" जेस्सी बर्नार्ड ने संघर्ष की स्थिति तब बताई है, जब दो या अधिक पक्ष अपने हितों को पूरा करने के लिए विद्रोह या आपसी प्रतिद्वंद्विता करते हैं। केनेथ बाउलडिंग का मानना है कि "संघर्ष तब उत्पन्न होते हैं, जब किन्हीं दो व्यावहारिक इकाइयों के महत्त्वपूर्ण स्थान एक दूसरे के प्रतिकूल होते हैं।" बाउल्डिंग के मतानुसार दो बातें पता चलती हैं, पहली यह कि पक्षों में सन्निहित प्रतिकूलता या विरोध के बिना भी संघर्ष पैदा हो सकता है। दूसरा यह कि संघर्ष में शामिल पक्षों को संघर्ष की जानकारी होनी चाहिए। असंगति प्रायः तभी पैदा होती है, जब दो या अधिक पक्ष एक ही लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं; जैसे किसी पुरस्कार, पद या शक्ति को पाने के लिए आपस में होड़ करना। संघर्ष को एक गतिशील घटनाक्रम माना जाता है, जिसके अंतर्गत एक अभिकर्त्ता दूसरे अभिकर्त्ता के कार्यों पर प्रतिक्रिया प्रकट करता है, जिससे आगे की क्रिया का पता चलता है। इसमें संघर्ष के खतरे बढ़ते जाते हैं। एक घटनाक्रम दूसरे का अनुसरण करता है। ऐसी स्थिति में यह कहना मुश्किल हो जाता है कि कौन-सा पक्ष घटना के लिए जिम्मेदार है। संघर्ष दोनों ओर से होते हैं। संघर्ष अभिकर्त्ता के जीवन को खतरे में डालता है। जब कोई विकल्प या मार्ग नहीं रहता, तभी संघर्ष होता है। संघर्ष के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों में केवल भय और हिंसा ही बढ़ती है। सक्रियता के विश्लेषण के लिए "खेल सिद्धांत" जैसे उपकरण का विकास किया गया है, जिससे पता चलता है कि संघर्ष की स्थिति में सम्मिलित पक्ष कैसा व्यवहार करते हैं। इस प्रकार के विश्लेषण का विकास 1860 के दशक में, पूरब-पश्चिम के संघर्षों के ध्रुवीकरण से विकसित हुआ था। इसमें ऐसा विचार था कि यदि एक अभिकर्त्ता स्वयं कोई कार्य शुरू करता है, तो दूसरे उसका अनुसरण कर सकते हैं और इस प्रकार गतिशीलता की दिशा को बदला जा सकता है।

### असंगत विषयक विश्लेषण

संघर्ष की गतिशीलता के संदर्भ गाल्टुंग द्वारा दिया गया असंगति का विश्लेषण बहुत उपयोगी है। उन्होंने इसका चित्रण इस प्रकार से है–




इसमें दो अभिकर्त्ता हैं–(क) व (ख), जिनके लक्ष्य प्रतिकूल हैं। विरोध का कारण कोई भी हो सकता है। उपलब्ध संसाधनों का यदि (क) को 100 प्रतिशत मिलता है, तो (ख) के लिए कुछ नहीं बचता। इसमें यदि एक की जीत होती है, तो दूसरे की हार निश्चित है। (ग) इसका उत्तम विकल्प है, जहाँ दोनों पक्षों को आधा-आधा मिलता है। (घ) बिंदु को भी अपनाया जा सकता है, जिसमें कोई पक्ष कुछ भी नहीं लेता, किंतु बहुमूल्य चीजों को सबकी सहमति के आधार पर (ङ) को सौंप दिया जाता है। कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में (ङ) भी संघर्ष में शामिल हो सकता है तथा तीसरे व बाहरी पक्ष के रूप में सारे लाभ वह स्वयं ही ले सकता है। चित्र में विकर्ण के बाएँ और नीचे की ओर बहुत-से परिणाम दिखाए गए हैं। (ङ) प्रकार के बिंदु को खोजने का प्रयास किया जाता है, जहाँ दोनों पक्षों को वह मिलता है, जिसे वे दोनों एक समय में चाहते हैं। इसमें गणितीय गुणांक संभव नहीं है, क्योंकि किसी भी वस्तु की 200% संभावना नहीं है। इस जगह पर नियमों व विचारों का कोई स्थान नहीं है। यह समाधान ढूंढने की चुनौतियों को बताती है। अक्सर राजनीतिक लड़ाई में खोज या नए विचार समाप्त हो जाते हैं तथा अभिकर्त्ताओं के विकल्प को कम होने लगते हैं। कभी-कभार प्रयास, काल्पनिक कार्य के रूप में सामने आते हैं। संघर्ष विश्लेषण के गतिशीलता के प्रयास में दोनों पक्षों के मध्य बातचीत द्वारा समाधान निकालने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाता है। इसमें विश्वास बनाने की प्रक्रिया भी जरूरी है। इसकी अनिवार्यता केवल सैन्य क्षेत्र में ही नहीं है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में भी संभव है, ताकि संघर्ष की गतिशीलता को परिवर्तित व नियंत्रित किया जा सके। इस प्रकार की स्थिति में तीसरे पक्ष की भूमिका बड़ी महत्त्वपूर्ण होती है।

## संघर्ष समाधान के उपाय

संघर्ष समाधान का विकल्प सबसे उत्तम उपाय है। इसमें संबंधित पक्षों का विश्वास जीतने वाली स्वतंत्र प्रक्रियाएं होती है। ये प्रावधान औपचारिक या अनौपचारिक होते हैं, जिनके अंतर्गत पक्ष अपने संघर्ष को खत्म करने का विचार करते हैं और उसके समाधान उन्हें मान्य होते हैं। इसमें न्यायालय, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनाव आदि संसदीय मामलों को निपटाने के लिए बताए गए हैं। आंतरिक मामलों में, अपील की संभावनाएं जरूरी होती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में यह मानकर चला जाता है कि अहिंसात्मक तरीके से गतिशीलता को नियंत्रित किया जाए, जिसमें शांति आंदोलनों के माध्यम से संघर्षों का निपटारा हो सके। इसमें गैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) और ऐसे समूह जो समझौते तथा समझ की बात करते हैं, उनको महत्त्व दिया जाता है। इन पक्षों का उद्देश्य हिंसा से नहीं बल्कि शांतिपूर्वक संघर्ष का निपटारा करना होता है, किंतु यह परिप्रेक्ष्य संघर्ष के कारणों को उजागर नहीं कर पाता। संघर्षों का मुख्य कारण क्या होता है? क्या ये व्याप्त असंगति के परिणामस्वरूप होते हैं? क्या ये संघर्षपूर्ण व्यवहारों के कारण होते हैं? यह जानना कठिन है कि संघर्षों का वास्तव में कारण क्या है?

## असंगति पर विजय

सिद्धांत के रूप में सात तरह के ऐसे विशेष उपाय बताए गए हैं, जिनसे सभी पक्ष अपनी असंगति को खत्म कर सकते हैं। पहला उपाय है कि पक्ष अपने इरादे को बदल दें अर्थात अपनी प्राथमिकताओं में परिवर्तन लायें, किंतु इसकी संभावना कम रहती है। इससे अन्य मार्ग भी निकल सकते हैं, जिससे दूसरे पक्ष भी बातचीत कर सकते हैं। इसमें नेतृत्व महत्त्वपूर्ण होता है, किंतु ऐसा भी नहीं है कि किसी भी परिवर्तन के लिए क्रांति का इंतजार किया जाये या क्रांति होने पर ही बदलाव होंगे। वास्तव में नए नेता अलग तरीके से सोचते हैं, इसलिए नए नेतृत्व का अपना महत्त्व होता है। इससे नए बदलाव भी जन्म लेते हैं। आस-पास की दुनिया में हो रहे बदलावों से नीतियुक्त प्राथमिकताओं में भी परिवर्तन संभव होता है।

कम ताकतवर अभिकर्त्ताओं के लिए मुख्य शक्तियों में परिवर्तन कभी-कभी हितकारी भी हो सकता है। संघर्ष तथा विरोध में परिवर्तन से संघर्ष समाधान आसान हो सकता है। आर्थिक संकट होने से प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं। इसी प्रकार और अन्य स्थितियाँ भी हो सकती हैं, जिनमें परिवर्तन आने से प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं और संघर्ष समाधान में आसानी होती है। इसलिए यह जरूरी है कि सम्मिलित पक्ष लगातार यह पता लगाते रहें कि क्या प्राथमिकताओं में बदलावों की कोई संभावना है। दूसरा उपाय बहुत उचित है। इसमें ऐसा कोई स्थान ढूंढा जाता है, जहाँ संसाधनों को बाँटा जा सके। इसे एक समझौते का रूप कहा जा सकता है। इसमें दोनों पक्षों को अपनी प्राथमिकताएँ बदलनी होती हैं। इसमें एक पक्ष का बदलाव दूसरे पक्ष के साथ संबंधित होना चाहिए और बीच में एक ऐसे स्थान पर मिल जाएं, जहां सभी पक्षों का हित हो। ऐसे में यदि क्षेत्रीय विवाद से जुड़ी असंगति है, तो उसे एक विभाजक रेखा खींचकर दो समान भागों में बाँटा जा सकता है। नियोक्ता तथा कार्मिकों के मध्य होने वाले समझौते इसका उदाहरण है, जिसमें दोनों को एक समान हिस्सा देकर एक सही विकल्प पर पहुँचा जाता है।

www.neerajbooks.com



तीसरा उपाय है-घोड़ों का व्यापार। इसमें हरेक का एक निजी मुद्दा होता है तथा दोनों पक्षों को 100 प्रतिशत प्राप्त होता है। इसे समझौते के रूप में माना जा सकता है। इसमें यह विचार रखा जाता है कि 'क' को क्षेत्र 1 तथा 'ख' को क्षेत्र 2 दे दिया जाए। हालाँकि दोनों पक्ष क्षेत्र 1 और 2 की माँग करते हैं। इस प्रकार के बँटवारे का यह अर्थ है कि जमीन का कोई भी हिस्सा विशेष नहीं है, और यदि किसी कारण से उपयोगी है, तो वह दोनों के लिए एक समान है। राजनीतिक शक्ति की दशा में इस प्रतियोगिता में 'क' 'ख' से कुछ विषयों में सहायता प्राप्त कर सकता है और उसी प्रकार से 'ख' से 'क' कुछ मामलों में सहायता ले सकता है। इसका तात्पर्य है अपनी पुरानी सोच को बदलकर एक साथ चलना है, जिसे "राष्ट्रीय समझौता" या "ऐतिहासिक समझौता" कहा जाता है।

चौथा उपाय "मिला-जुला या सहभागी नियंत्रण" है। इसमें दोनों पक्ष एक साथ विवादग्रस्त संसाधनों पर शासन करने के लिए सहमत हो जाते हैं। ऐसे में दोनों का संयुक्त रूप से आर्थिक संसाधनों पर स्वामित्व होता है। इसमें बीच का कोई ऐसा मार्ग निकाला जाता है, जिससे दोनों पक्ष लागत लगाएँ और उससे लाभ उठाएँ। इसका एक उदाहरण है—गठबंधन की सरकार बनाना। इस प्रकार के सहयोग में विश्वास की बहुत जरूरत होती है। इसमें पहले से ही सुनिश्चित उपायों के आधार पर सभी पक्ष सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसका अभिप्राय है कि संघर्ष की स्थिति से सफलतापूर्वक निपटा जा चुका है। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नदियों के पानी के बँटवारे के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ऐसी व्यवस्था का अभिप्राय है क्षेत्रीय सद्भावना में बढ़ोत्तरी करना तथा आंतरिक मामलों में यह युक्ति बिखरे हुए समान को एक साथ जोड़ने का काम करती है।


इसका पाँचवाँ उपाय है "दूसरों के लिए अपना नियंत्रण छोड़ना" अर्थात नियंत्रण का बाह्यकरण करना। इसमें प्राथमिक पक्ष यह सहमति देता है कि कोई तीसरा अभिकर्त्ता नियंत्रण करे। इसका उदाहरण है 1990 के दशक को अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों के दौरान वार्ता में प्रमुख स्थान दिया गया था।

छठे तरीके के अंतर्गत पक्षों या दो पक्षों द्वारा मध्यस्थता या अन्य कानूनी तरीकों को स्वीकार करना है। इस उपाय में ऊपर दिये गए पाँचों तरीकों में से किसी एक के द्वारा संघर्ष के समाधान का तरीका ढूंढना होता है। समाधान के इस तरीके में जनता की राय लेना शामिल होता है। इस प्रकार के तरीके के उदाहरण में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद प्राधिकरण द्वारा दोनों पक्षों की सहमति से खाड़ी युद्ध के बाद इराक और कुवैत के बीच सीमा-रेखा बनाई गई।

संघर्ष समाधान का सातवाँ तरीका है, जिसमें मामले को भविष्य के लिए छोड़ दिया जाता है। इसमें आयोग की नियुक्ति होने के कारण पक्षों को संघर्ष के लिए अतिरिक्त समय मिल जाता है। आयोग की जाँच सामने आने तक राजनीतिक परिस्थिति तथा प्रचलित व्यवहार में पर्याप्त बदलाव आ चुके होते हैं। सारे मुद्दे एक ही समय में सुलझाये नहीं जा सकते, इस बात की बहस की जाती है। दूसरा अवसर दिया जाता है, ताकि हारने वाला अपनी हार को स्वीकार करे या समझौता कर ले। संघर्ष व्यवहारों के प्रतिमान को दर्शाता है। हत्या या बलात्कार एक अभिव्यक्ति हो सकते हैं, संघर्ष नहीं। संघर्ष उत्पन्न होने का कारण संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि लालच या स्वार्थ भी हो सकता है। गॉल्टुंग ने संघर्ष को एक प्रकार की असंगति माना है। यह वह स्थिति है, जब एक लक्ष्य दूसरे लक्ष्य के रास्ते में बाधा बनता है। गॉल्टुंग का कहना है कि जब व्यवहार और प्रवृत्ति संघर्ष से संबंधित होते हैं, तो प्रायः उन्हें नकारात्मक माना जाता है, जो कभी भी अचानक हिंसा में परिवर्तित हो सकते हैं। संघर्ष को एक भ्रामक शब्द कहा जा सकता है। संघर्ष की स्थिति में मुद्दे लगातार चलते रहते हैं और ऐसी स्थितियाँ पैदा हो जाती हैं, जिससे पक्षों में तनाव व विरोध पैदा होना संभव होता है। संघर्ष का माहौल, परिस्थितियों के सभी कारकों से मिलकर बनता है। गॉल्टुंग इसे संघर्ष त्रिकोण कहा हैं।

## संघर्ष त्रिकोण

संघर्ष त्रिकोण की व्याख्या गॉल्टुंग ने सन 1960 में की थी, जो संघर्ष को समझने में सहायता करता है। इससे पता चलता है कि संघर्ष त्रिकोण के अंदर तीनों कोणों में घूमता है, जिसमें कोण 'क' संघर्ष की प्रवृत्ति को दर्शाता है। 'ख' से संघर्ष के व्यवहार का पता चलता है तथा 'ग' से विरोध या संघर्ष प्रकट होता है। संघर्ष क्रम की शुरुआत व समाप्ति संघर्ष त्रिकोण के किसी भी कोण से हो सकती है। बाद में गॉल्टुंग ने 'ग' पर अधिक बल दिया, क्योंकि ज्यादातर उनकी शुरुआत यहीं से होती है। संघर्ष चक्र हमेशा गतिशील रहता है। अतः यह माना जा सकता है कि संघर्ष समाधान, संघर्ष परिवर्तन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।




संघर्ष एक ऐसी स्थिति है, जिसमें दो या अधिक पक्ष यह मानते हैं कि वे अलग-अलग स्थान पर स्थित हैं तथा उनके लक्ष्य असंगत हैं तथा क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए—इस बात को लेकर उनमें भेदभाव है। इस प्रकार की स्थिति, संघर्ष की स्थिति तो नहीं होती, किंतु इसमें संघर्ष परिवर्तन की क्षमता होती है। संघर्ष प्रवृत्ति से तात्पर्य दो या अधिक पक्षों का उग्र या विद्रोही

www.neerajbooks.com

व्यवहार होना है। इसके अंतर्गत लालच, क्रोध, अधीरता, उबाल, भय, तनाव आदि आते हैं। रॉबर्ट मर्टन ने असंगति की इस स्थिति को अप्रत्यक्ष संघर्ष की स्थिति बताया है। एडम कर्ले ने इस प्रक्रिया को रेखीय क्रम के रूप में परिभाषित किया है।

## संघर्ष : चक्रिक और द्वंद्वात्मक

कार्ल मार्क्स ने संघर्ष को कई भागों में परिभाषित किया है, जिसमें हर भाग एक दूसरे से संबंधित है। यह पूरी परिक्रमा की भांति विकसित होता है तथा अंत में एक ऐसे समाज की नींव रखता है, जहाँ संघर्ष की समाप्ति हो जाती है। कार्ल मार्क्स का कहना है, "एक व्यक्ति, वर्ग या इकाई तभी बनती है, जब वे दूसरे वर्ग के विरुद्ध लड़ाई करते हैं।" जॉर्ज साईमल का कहना है, "संघर्ष, समूह के विचारों और अलगाव की भावना को सुदृढ़ करके समूहों, समाजों व राष्ट्रों के मध्य एक विभाजक रेखा निर्मित करता है, ''संघर्ष की स्थिति सदस्यों को इस हद तक खींचती है कि उन्हें एकसमान ताकत लगानी पड़ती है।"

टाल्काट पारसन के विचार से ''संघर्ष एक बुराई या एक बीमारी की भांति है। संघर्ष प्रक्रिया में बहुत-सी ताकत व ऊर्जा का प्रयोग होता है, जिससे विकास और प्रगति में बाधा आती है।'' सिगमंड फ्रायड के अनुसार, संघर्ष की स्थिति तभी उत्पन्न होती है, जब किसी एक लक्ष्य के लिए मौखिक प्रतीकात्मक या भावनात्मक प्रतिक्रिया देने वाली भावनाएँ, एक दूसरे की जरूरतों को पूरा करने में असंगत होती हैं। सभी विद्वानों का मानना है कि संघर्ष एक द्वेष भावना के रूप में पनपता है और विद्रोह का रूप लेकर बाहर निकलता है। यह विद्वेष के कारण उत्पन्न तनाव को दूर कर देता है और फिर उन्हें एक साथ जोड़ता है।

## संघर्ष की अपरिहार्यता

शोधकर्त्ताओं का मत है कि संघर्ष की स्थिति एक स्वाभाविक स्थिति है तथा समाज व सामाजिक संप्रेषण का एक मुख्य गुण है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है तथा वह समुदाय में रहता है। प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अलग पहचान होती है, जिसके कारण वे एक दूसरे से अलग होते हैं। अपनी भिन्नताओं के चलते भी वे समाज में एक साथ रहते हैं। समाज में रहते हुए उनके विचारों में मतभेद दिखाई देता है, जो परस्पर संबंधों में संघर्ष का कारण बनता है। पिछली शताब्दी में औद्योगिकीकरण तथा शहरीकरण जैसी घटनाओं ने लोगों में प्रतिस्पर्धा पैदा की, जिसके परिणामस्वरूप समाज में असमानता की वृद्धि के साथ-साथ विभिन्न वर्गों का उदय हुआ। यह भी संघर्ष का एक बड़ा कारण था। सामाजिक शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि मजदूर वर्ग अपनी साधारण आय से अपने परिवार की इच्छाओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं। एक जटिल सामाजिक तंत्र में व्यक्ति हर कदम पर संघर्ष करता है। लोग धर्म, जाति, संप्रदाय, राजनीतिक पहचान और विचारों के नाम पर विवाद करते हैं। राजनीतिक सत्ता में आने के लिए लगातार संघर्ष चलता है। संघर्ष केवल इसी स्तर तक नहीं चलते, बल्कि राष्ट्रीय स्तर व अंतर्राष्ट्रीय पर भी संघर्ष चलते हैं। लोगों के साथ चल रहे संघर्ष के अलावा, भौतिक संसाधनों के लिए भी बराबर संघर्ष चलता है।

## बोध-प्रश्न

**प्रश्न 1. आज के समाज में संघर्ष की प्रकृति का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर**–संघर्ष का अर्थ यदि सामान्य भाषा में लिया जाए, तो किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर प्रयास और विरोधी पक्ष द्वारा उसमें बाधा डालना है। बहुत-से विद्वानों ने संघर्ष की अलग-अलग परिभाषाएँ दी हैं। कुछ विद्वान आपसी प्रतिद्वंद्विता या दो व दो से अधिक पक्षों के परस्पर विरोध को संघर्ष का नाम देते हैं। इसका अभिप्राय यह हुआ कि गली-मोहल्ले में होने वाले टकराव या राष्ट्रों के बीच के झगड़े या फिर चल रहे शीत युद्धों को संघर्ष की संज्ञा दी जा सकती है।

कुछ अन्य विचारकों के अनुसार संघर्ष तब उत्पन्न होता है, जब दो या दो से अधिक पक्षों के बीच अपने हितों को प्राप्त करने के लिए विरोध या विद्रोह पैदा होता है। जॅस्सी बर्नार्ड के शब्दों में, "संघर्ष तब उत्पन्न होते हैं, जब दो भिन्न पक्षों के आपसी खास लक्ष्य और मूल्य आपस में टकराते हैं।" केनेथ बाउल्डिंग ने अन्य विचारकों से भिन्न संघर्ष को एक ऐसी स्थिति बताया है, जहाँ वह एक प्रतियोगिता के रूप में है, जिसमें पक्षों को भविष्य की अपेक्षा वर्तमान के विषय में पता होता है तथा जिसमें हर पक्ष उस स्थान को पाने की इच्छा रखता है, जो दूसरों की इच्छाओं के विरुद्ध है।

संघर्ष को एक गतिशील घटनाक्रम के रूप में भी परिभाषित किया जाता है, जिसमें एक अभिकर्त्ता दूसरे अभिकर्त्ता के कार्यों पर प्रतिक्रिया करता है, जिसके परिणामस्वरूप आगे की प्रतिक्रिया का पता चलता है। इसमें एक घटना दूसरी घटना का अनुसरण करती है। मुख्यत: संघर्ष तब शुरू होता है, जब संसाधन कम होते हैं और उसे प्राप्त करने की इच्छा बहुत-से लोगों की होती है। ऐसे में लोगों के बीच संघर्ष शुरू हो जाता है। हर व्यक्ति इच्छित साधन को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास करता है। कभी-कभार यह संघर्ष विद्रोह या युद्ध का रूप भी ले सकता है। आज के समाज में चारों ओर संघर्ष ही संघर्ष है। बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाने से लेकर नौकरी प्राप्त करने तक पूरा संघर्ष रहता है। अपर्याप्त साधन संघर्ष का मुख्य कारण बनते हैं। यदि एक ही लक्ष्य के पीछे बहुत से व्यक्ति दौड़ते हैं, तो आखिर में विसंगति या द्वंद्व उत्पन्न होता है। आज के समाज में अपने चारों ओर हम संघर्ष के बहुत से रूप देखते हैं। हर व्यक्ति अपने जीवन में गतिशील है। वह अपनी स्थिति को और भी बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करता रहता है,